महत्वपूर्ण एवं खास

करंट से सूअर का शिकार, 8 गिरफ्तार

» मांस और शिकार में प्रयुक्त औजार बरामद

महासमुंद (आरएनएस)। बसना वनपरिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 330 में करंट से जंगली सूअर का शिकार करने का मामला आया है। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी दल-बल सहित आरोपी के घर में दबिश देकर उनकी बाड़ी से कच्चा मांस लगभग 5 किलो साथ में पकाए गए बर्तनों गंजी, बाल्टी में अधपका मांस, मांस काटने का औजार, लगभग 200 मीटर बिजली का तार, लकड़ी का गुटखा तथा सूअर का आंत भी जब्त कर नष्ट किया। आरोपियों में नंदलाल पिता करम रावत (32), मुनूदाऊ पिता बृजलाल रावत (59), कंसलाल पिता करम रावत (36) सभी आरोपी खोकसा बांधापारा निवासी हैं। उक्त कार्य में 5 और लोग संलिप्त हैं, इनमें पलसाभाड़ी निवासी चुम्मन लाल पिता आनंदराम (38), सीताराम पिता मुनीराम (38), जगलाल पिता मुनूदाऊ (37), चेतन पिता हरिशंकर कंवर (50) और नंदकुमार पिता गोरालाल (30) को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया।आरोपियों के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा 1972 के धारा 9, 50, 51, तहत कार्रवाई की गई।

ट्रेलर-ट्रैक्टर में भिड़ंत, चालक घायल

कोरबा (आरएनएस)। झगरहा मार्ग में ट्रेलर और ट्रैक्टर के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों वाहन के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर में कोयला लोड था और वह उरगा की ओर से आ रहा था, जबकि ट्रैक्टर उरगा से नकटीखार की ओर जा रहा था। झगरहा-उरगा बाइपास मार्ग में दोनों के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। ट्रेलर की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे यह हादसा हुआ। इस हादसे में ट्रेलर का चालक स्टेयरिंग में फंस गया और घंटों मशक्कत के बाद उसे राहगीरों की मदद से बाहर निकाला जा सका। ट्रेलर के पलटने से कोयला सड़क पर बिखर गया और डीजल का टैंक फटकर सड़क पर बहने लगा। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। घटना की सूचना पर डायल 112 की तीन टीम मौके पर पहुंची। हालांकि घायलों के बारे में अस्पताल पुलिस को कोई जानकारी नहीं है और न ही बाल्को पुलिस को इसकी सूचना दी गई है।

तेज रफ्तार बाइक आपस में टकराई, तीन घायल

कोरबा (आरएनएस)। चैतमा और लेमरू क्षेत्र में सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चैतमा चौकी अंतर्गत ग्राम घाटपार कांजापानी निवासी राधेलाल चौहान पिता लगनू सिंह 40, अपना मोबाइल बनवाने बाइक क्रमांक सीजी 12 एटी 7721 में पाली जा रहा था। इसी दौरान माखनपुर स्कूल के समीप सामने की ओर से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 12 एआर 5212 के चालक संदीप खैरवार ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। घटना में राधेलाल को गंभीर चोट आई है। घायल राधेलाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने लापरवाह चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। उधर लेमरू थानांतर्गत देवपहरी प्राथमिक स्कूल के पास दो बाइक के बीच हुई भिड़ंत में दोनों बाइक चालक को गंभीर चोट आई है। पुलिस मामले में लापरवाह चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

नशेड़ी पिता की हत्या, पुत्र गिरफ्तार

महासमुंद (आरएनएस)। पटेवा थानाक्षेत्र के ग्राम रायतुम में गुरूवार सुबह बेटे ने डंडे से पीट-पीटकर पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने धारा 302 के तहत युवक को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक चमरू ध्रुव(55) शराब पीने का आदी था। वह रोज शराब पीकर घर जाता और लड़ाई करता। घटना के एक दिन पहले 13 नवंबर की रात को भी चमरू शराब के नशे में घर पहुंचा और जमीन बेचने की बात कही। इसी बात को लेकर चमरू और उसके बेटे राजेश के बीच विवाद हुआ। घर वालों ने बीच-बचाव करते हुए दोनों को शांत कराया। पुलिस ने बताया कि 14 नवंबर की सुबह चमरू फिर से शराब के नशे में घर पहुंचा और घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात को बेचने की बात करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि राजेश ने घर में ही रखे डंडे से पिता के सिर पर वार कर दिया। इससे चमरू बेहोश हो गया। परिजन उन्हे संजीवनी 108 से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव पहुंचे। यहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रायपुर स्थित मेकाहारा रेफर कर दिया गया। परिजन जब चमरू को लेकर यहां पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद आरोपी राजेश को हिरासत में ले लिया।

बकरा चोरी, तीन माह बाद जुर्म दर्ज

महासमुंद (आरएनएस)। तीन माह पूर्व हुए बकरा चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद शुक्रवार को अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बोरियाझर का है। विवेचना अधिकारी प्रीतराम ध्रुव ने बताया कि मामले में आवेदन जांच से शिकायत दर्ज की गई है। बोरियाझर निवासी गणेशुराम पिता श्रीराम बकरीद और दिवाली त्योहार में बिक्री करने के लिए बाहर से कुल 30 नग बकरे लेकर आया था। जिसे उसने घर के कोठे में रखा था। 10 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने बकरों क ी चोरी कर ली। चोरी की जानकारी उसे सुबह हुई जिसकी शिकायत उसने कलेक्टर जनचौपाल में की थी। चोरी का मामला होने से इसे पुलिस विभाग को भेजा गया था। मामले में जांच के बाद पुलिस ने कल 15 नवंबर को मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ 457,380 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। चोरी हुए बकरे की कीमत कुल 48 हजार रूपए बताई गई है।

सीएम भूपेश बघेल ने केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की मुलाकात

» धान से बने एथेनॉल का विक्रय मूल्य शीरा, शक्कर से उत्पादित एथेनॉल मूल्य के होगा समतुल्य
» जैव एथेनॉल के उत्पादन के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की अनुमति दिए जाने की केंद्र से माँग
» बायोफ्यूल के क्षेत्र में निवेश प्रोत्साहन नीति को आगे बढ़ाने का किया आग्रह
» बस्तर में स्थापित हो ,एनएमडीसी का क्षेत्रीय मुख्यालय

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्रकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उनके निवास पर मुलाकात कर उनसे छत्तसीगढ़ शासन बायोफ्यूल के क्षेत्र में निवेश प्रोत्साहन नीति को आगे बढ़ाने के लिये सहयोग का आग्रह किया है।मुख्यमंत्री बघेल ने , केंद्रीय मंत्री से एनएमडीसी का क्षेत्रीय मुख्यालय बस्तर में स्थापित किये जाने पर विचार करने का आग्रह किया हे ।साथ ही गैर प्रबंधकीय पदों पर स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करते हुए बस्तर क्षेत्र के विकास को बढ़ावा दिये जाने पर विचार करने की माँग भी की ।उन्होंने कहा कि, मुझे उम्मीद है कि छत्तीसगढ़ की जनता की भावनाओं का आदर करते हुए बस्तर क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार इसकी तत्काल स्वीकृति हमें प्रदान करेगा ।

बघेल ने कहा कि, अधिशेष खाद्यानों से जैव एथेनॉल उत्पादन हेतु राज्य द्वारा प्रत्याशित धान की अधिक आपूर्ति के अनुमान के आधार पर जैव एथेनॉल उत्पादन की अनुमति लंबे समय तक जैसे कि न्यूनतम 10 वर्ष के लिये दिया जावे ताकि राज्य में बायो-एथेनॉल के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि, आपकी इस पहल से जैव एथेनॉल के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि, छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। यहां के 43प्रतिशत कृषि योग्य भूमि में मुख्य फसल धान की होती है। कृषि और उससे सम्बंधित क्षेत्रों का राज्य की जी.एस.डी.पी. में योगदान 20प्रतिशत से अधिक है। उन्होने कहा कि वर्ष 2018-19 में हमारे यहां धान का उत्पादन 80.40 लाख टन था। इसमें राज्य की आवश्यकता 42.40 लाख टन की थी। उसके बाद हमारे पास 38 लाख टन सरप्लस धान बायोफ्यूल के लिये बचता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुये खुशी हो रही है कि, केन्द्र की जैव ईंधन नीति, 2018 के प्रावधानों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में जो अतिरिक्त धान का उत्पादन हो रहा है उसमें बायो एथेनॉल संयत्रो की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए निजी निवेश को आमंत्रित किया है। इस दिशा में हमारा केन्द्र से आग्रह है कि, राष्ट्रीय जैव इंधन समन्वय समिति से धान आधारित बायो एथेनॉल के विक्रय मूल्य को शीरा, शक्कर व शुगर सिरप से बने एथेनॉल के विक्रय दर के बराबर रखे तो पर्यावरण आपारित बायो एथेनॉल के उत्पादन में हमें काफी मदद मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हम जल्द ही इस पर विशेष बैठक लेकर, उचित कार्यवाही करेगें। उल्लेखनीय है कि, प्रति वर्ष 6.5प्रतिशत की दर से देश में उर्जा की खपत बढ़ रही है। वहीं पेट्रोलियम दिन-प्रतिदिन घट रहा है। इस दिशा में सरप्लस क्रॉप, बायोफ्यूल उत्पादन का अच्छा विकल्प है।

सिग्नल जंप करते समय दो मोटरसाइकिल सवार आये हाईवा की चपेट में,एक को लगी गंभीर चोट

» हाईवा चालक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। सिग्नल जंप करने के चक्कर में दो मोटरसाइकिल सवार हाईवा की चपेट में आ जाने से एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया है वहीं दूसरे व्यक्ति को मामूली चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा तिराहा के पास जल्दबाजी के चक्कर में स्कूटी सवार व मोटरसाइकिल सवार सिग्नल जंप करते समय हाईवा ट्रक की चपेट में आ गये। माटरसाइकिल सवार बाईक से कुद जाने के चलते उसे मामूली चोट आई है वहीं एक्टीवा सवार हाईवा वाहन के नीचे आ जाने से एक्टीवा व मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है व एक्टीवा सवार को गंभीर चोट आई है। तेलीबांधा पुलिस ने हाईवा क्रमांक सीजी 04 डीजे 7883 के चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 279,337 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

दुधावा डैम के टापू पर फंसे बंदरों को वन विभाग द्वारा किया जा रहा रेस्क्यू

» बंदरों को बचाने के लिए किया जा रहा है लकड़ी पुल का निर्माण

कांकेर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर संभाग के कांकेर जिला विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों से भरा पूरा है जिले के अन्य इलाकों में जंगली जानवर भी पाए जाते हैं।

जिले में स्थित दुधावा डैम के बीचो-बीच बने टापू में विगत 2 माह से बंदरों का एक दल फंसा हुआ था जिसे वन विभाग की टीम द्वारा रेस्क्यू किया जा रहा है।

वन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बारिश से पहले दुधावा डैम का जलस्तर गिर गया था जिसके कारण जंगलों से भटक कर बंदरों का एक दल जिसमें उनकी संख्या करीब 100 बताई जा रही है दुधावा डैम के बीचोंबीच स्थित टापू पर खाने की तलाश में पहुंच गए बरसात के समय लगातार हो रही बारिश के कारण डैम का जलस्तर काफी बढ़ गया जिसके बाद बंदरों का दल डैम के बीच टापू में फस गया ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने वन विभाग की टीम को इस बारे में अवगत कराया वन विभाग की टीम शनिवार से बंदरों को वहां से निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है इसी दौरान वन विभाग की टीम बंदरों के लिए आवश्यक फल सब्जी और खाने पीने की चीजों को नाव के जरिए टापू तक पहुंचा रही है साथ ही साथ वन विभाग ग्रामीणों की मदद से डैम के एक किनारे से टापू तक पहुंचने के लिए लकड़ी का एक पुल का निर्माण कर रही है पुलिया निर्माण के बाद बंदरों कादल को टापू से बाहर निकाला जाएगा।

यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी , यात्री घायल

धमतरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के रायपुर जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं पिछले कुछ माह में हुए सड़क हादसे पर नजर डाली जाए तो अलग-अलग स्थानों में कई दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है इसका कारण खराब सड़क और तेज रफ्तार भारी वाहनों को चलाना बताया जा रहा है धमतरी जिले के गुरुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई..हादसे में 2 यात्री गंभीर रुप से घायल हो गए हैं..जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है..जहां घायलों का उपचार जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक़, आज पायल ट्रेवल्स की बस बैलाडीला जगदलपुर से रायपुर के लिए निकली थी. इसी दौरान जगतरा के समीप अनियंत्रित होकर पटल गई. बस पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई..कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई है। जबकि दो यात्री गंभीर बताए जा रहे हैं।जिन्हें 108 के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।फ्लिहाल गुरुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

फर्जी ऋण पुस्तिका मामलें में तीन गिरफ्तार

महासमुंद (आरएनएस)। फर्जी ऋ ण पुस्तिका बनाकर सहकारी समिति से करीब 4 लाख रुपए लोन लेने वाले दो मुख्य आरोपी समेत पटवारी को पिथौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार जम्हर निवासी आनंदराम पटेल ने वर्ष 2016-17 में सरकारी जमीन पर फर्जी ऋ ण पुस्तिका क्रमांक 444567 तैयार कर सहकारी समिति सरकड़ा से 3 लाख 93360 रुपए लोन लिया। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी आनंद पटेल एवं नकुल सिंह यादव पर अपराध दर्ज किया था। जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी की गई और पूछताछ में उन्होने पुलिस को बताया कि फर्जी ऋण पुस्तिका बनाने पटवारी अनिल कुमार पिता चमरू लाल बरिहा ने सहयोग किया। जिसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने कोकोभाटा पहनं 01 को गिरफ्तार किया।

ऑनलाइन कंपनियों के खिलाफ कैट का धरना 20 को, 25 को निकालेंगे रैली

» 10 जनवरी तक जन समर्थन जुटाने में लगा कैट

रायपुर (आरएनएस)। कानफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स एसोसिएशन (कैट) द्वारा ऑन लाइन बिक्री के जरिए ग्राहकों को गुमराह कर गुणवत्ताहीन सामग्री आकर्षक छूट के साथ बेचने का मायाजाल रचाया गया है। जिसके चलते आम उपभोक्ता छूट के चक्कर में लगातार लूट रहा है। वहीं ऑनलाइन कंपनियों के व्यापार से उपभोक्ता को कोई विशेष लाभ नहीं हो रहा है। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी के अनुसार ऑनलाइन व्यापार से कई बार ग्राहकों के ठगे जाने की जानकारी भी उन्हें मिलती रही है।

ऑनलाइन कंपनियों के खिलाफ कैट ने 13 नवंबर से 20 जनवरी के बीच आम लोगों से एवं व्यापारिक संगठनों से जन समर्थन जुटाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में कैट के द्वारा 20 नवंबर को व्यापारिक संगठनों के साथ महाधरने का आयोजन किया गया है। महाधरने के आयोजन के पश्चात व्यापारिक संगठन शहर में विशाल रैली 25 नवंबर को निकालकर केंद्रीय वाणिज्यमंत्री एवं केंद्रीय वित्तमंत्री को ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन कर्पनियों द्वारा मूल व्यापार की कमर तोड़ने के खिलाफ ज्ञापन सौपेंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनमुख्य छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा समर्थक हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं वीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं जर्नलिंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवती श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय जनका मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं व्यवसायिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकि तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इससे सम्बंधित कार्यों एवं अधिकारों के बारे में जानकारी किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु यह संघ मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकि शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले मिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

पुलिस कर्मियों पर पथराव, एक आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। डायल 112 वाहन के चालक एवं उसमें तैनात पुलिस कर्मी पर पथराव कर हमला बोलने वाले आरोपी को मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि आरोपी का साथ देने वाला सह आरोपी उसका भतीजा पुलिस को देखकर भाग निकला।

यह घटना पाली थाना से 7 किमी दूर वन्य ग्राम भंडारखोल के लाइन पारा की है। यहां निवासरत शिवपाल सिंह धनुहार उम्र 27 के घर के बगल में जमाई बनकर रहने वाला उसका बहनोई सूर्य प्रकाश धनुहार उम्र 36 पिता रामचरण धनुहार अपनी पत्नी के साथ खेती किसानी कर जीवन निर्वाह कर रहा था। गत रात्रि सूर्य प्रकाश सिंह धनुहार का साला शिवपाल सिंह धनुहार ने उसे खाने .पीने के लिए दावत पर बुलाया। दावत के दौरान नशा चढने पर रिश्ता अदावत में बदल गया। जिसके परिणाम स्वरूप शिवपाल ने अपने जीजा सूर्यप्रकाश के ऊपर हाथ, मुक्के व डंडे से हमला बोल दिया। यही नहीं बल्कि अपने भतीजे जतन सिंह धनुहार उम्र 20 को भी ललकारते हुए उससे भी अपने बहनोई पर हमला करवा दिया।

इसी बीच इस घटना की जानकारी पड़ोसियों ने डायल 112 पाली पुलिस को दी। यहां से डायल 112 की टीम भंडारखोल लाइनपारा पहुंची तो शिवपाल एवं उसके भतीजे ने पथराव शुरू कर दिया। जिसके परिणाम स्वरूप डायल 112 के पुलिस कर्मी ने पाली थाने में इसकी सूचना दी। टीआई राजेश पटेल के आदेश पर एसआई अशोक शर्मा दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे। वहां पुलिस को देखते ही जतन सिंह भाग निकला। जबकि शिवपाल सिंह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी के विरूद्ध पाली पुलिस ने धारा 151 के तहत गुंडा एक्ट की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उसे रिमांड पर पाली कार्यपालिक दंडाधिकारी के न्यायालय पेश कर रही है।